हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 6 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव -आई आई एस एफ का पहला सत्र आज पंचकूला के □शहरा मै□ान में शुरू हुआ। केन्द्रीय विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह आज इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने विद्यार्थियों व युवा वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भारत में विज्ञान क्षेत्र बहुत प्रगति कर रहा है। यह भारतीयों के लिए काफी प्रेरणा□ायक है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। अंतरिक्ष में भारत पर भी उन्होंने अपने विचार रखे

उल्लेखनीय है कि इस बार आई आई एस एफ का आयोजन "विज्ञान से समृद्धि: आत्मनिर्भर भारत के लिए" थीम पर किया जा रहा है। विज्ञान महोत्सव का उद्□श्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा □ना तथा युवाओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योग□ान □ने के लिए प्रेरित करना है।

इस विज्ञान महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों से हज़ारों छात्र, युवा शोधकर्ता और विज्ञान प्रेमी भाग ले रहे हैं। साथ ही, इसरो, डीआरडीओ एवं अन्य अग्रणी वैज्ञानिक संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा शोधकर्ता भी पहुंचे हैं, जो विभिन्न सत्रों एवं संवा□ कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। महोत्सव में वैज्ञानिकों के बीच संवा□ सत्र, तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जन संपर्क गतिविधियाँ भी शामिल रहेंगी ।

****

जीं□ के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने □ो प्राध्यापकों के खिलाफ एफ आई आर □र्ज कर ली है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के □ौरे के बा□ यह मामला □र्ज किया गया है। जीं□ की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह ने कल शाम मीडिया से बातचीत में बताया -

उन्होने स्पष्ट किया कि जिला पुलिस महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर गंभीर है और सूचना प्राप्ति के साथ तुरंत प्रभाव से कार्यवाही अमल में लाई जाती है। हमारे संवा□□ाता ने बताया है कि पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह की अध्यक्षता में एक तीन स□स्यीय टीम गठित की है जो कि इस मामले की गहनता से जांच करेगी।
गौरतलब है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राओं ने आरोप लगाया है कि प्राध्यापकों द्वारा कक्षा के □ौरान और कक्षा के बाहर अशोभनीय व अश्लील टिप्पणियां की गईं । छात्राओं से बार-बार अनुचित व्यक्तिगत प्रश्न पूछे गए। एक छात्रा से आपत्तिजनक बातें कही गई। कई छात्राओं के पहनावे और □िखावे पर व्यक्तिगत टिप्पणियाँ की गई। आंतरिक अंक और उपस्थिति को हथियार बना कर अनुचित □बाव बनाया गया। वहीं यह आरोप भी लगाया है कि प्राध्यापक छात्राओं के पास रात को 11 बजे व्हाट्सएप वीडियो कॉल भी करते रहे हैं और आपत्तिजनक फ़ोटो भी भेजते थे ।
****

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी ने कहा है कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के शहरी हिस्से में कहीं भी पेयजल की कमी नहीं है। विभाग इस क्षेत्र में 456 नहर-आधारित जल योजनाओं, 886 ट्यूबवेलों और 297 बूस्टिंग स्टेशनों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। वर्तमान में, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रति□िन 55 लीटर की □र से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि गांव □हमन और खारा खेड़ी में अभी प्रति

व्यक्ति प्रति □िन 40 लीटर पानी मिल रहा है। इसे 55 लीटर तक ले जाने का कार्य तेज़ी से चल रहा है और इसे मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

प्रवक्ता ने यह भी बताया कि नहर प्रणाली में पानी की उपलब्धता में कमीं आने के कारण कई बार नहर जल आपूर्ति बाधित हुई है। इसके बावजू□ राज्य सरकार हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत राज्य ने 6 अप्रैल 2022 को वह उपलब्धि हासिल की थी, जब सर्वेक्षण में □र्ज सभी 30 लाख 41 हजार ग्रामीण परिवारों को पेयजल कनेक्शन प्र□ान किए गए थे।

प्रवक्ता के अनुसार, राज्य सरकार पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारू कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के लिए ढांचागत सुधारों को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। इसके लिए नई तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।

****